दिनांकः 08.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश में युवाओं के लिए असीमित अवसर उपलब्ध।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से 'विकसित राजस्थान 2047' के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।
- देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़कर 64 प्रतिशत हुआ।
- राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड उपभोक्ता सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ी योजना बना रही है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में युवाओं के लिए असीमित अवसर हैं। आज नवी मुंबई में नये अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र ने युवाओं को आगे बढाने के लिए हाल ही पीएम सेतु योजना की घोषणा की है। इससे देशभर के आईटीआई जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई के नये एयर पोर्ट से सभी वर्गों को फायदा मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार आम आदमी को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए तेजी से काम कर रही है।

----------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से 'विकसित राजस्थान 2047' के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने आज गुजरात के सूरत में 'प्रवासी राजस्थानी मीट' को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात और राजस्थान मिलकर सशक्त औद्योगिक कॉरिडोर बना रहे हैं। दोनों राज्यों को मिलकर राजस्थान को विश्व का 'जेम्स एंड ज्वेलरी हब' बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब हर वर्ष 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार' प्रदान करेगी। साथ ही, उन्होंने प्रवासियों को 10 दिसंबर को जयपुर में होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने बताया कि 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 7 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतर चुके हैं। रिप्स–2024 के तहत निवेशकों को 1 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी गई है। उन्होंने आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में निवेश का आमंत्रण दिया।

----------------

000

कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल इंजीनियरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सभी के लिए एक उपकरण है जो उत्पादकता बढ़ाने और अपनी आजीविका में सुधार के लिए तकनीक का उपयोग करना चाहते हैं। श्री चौधरी ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि कक्षा 6 से ही एआई तैयारी पाठ्यक्रम शुरू किए जा चुके हैं और इसके लिए निशुल्क ऑनलाइन सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है।

000

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 68वां सम्मेलन आज से बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में शुरू हुआ। इसमें विभिन्न देशों के विधान मंडलों के अध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का विषय 'कॉमनवेल्थः एक वैश्विक साझेदार' है, जहाँ संवाद और सहयोग से सतत विकास पर चर्चा की जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी इसमें भाग ले रहे हैं। श्री देवनानी ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय उपस्थिति से भारत की संसदीय परम्परा को वैश्विक मंच पर बल मिलेगा।

000

झुंझुनूं के मेहरादासी गांव के शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान के लिए वायु सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। 93वें वायु सेना दिवस पर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने शहीद मोगा की वीरांगना सीमा मोगा को उनका मेडल प्रदान किया। सुरेंद्र मोगा ने ऑपरेशन सिंदूर में असाधारण साहस दिखाते हुए प्राण न्योछावर कर दिये थे।

000

भारत को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ द्वारा सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है। श्री मंडाविया ने कहा कि भारत का सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सवाईमाधोपुर जिले के कुतलपुरा जाटान में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीएसटी बचत उत्सव और पोषण माह को लेकर किये गये इस कार्यक्रम के तहत, विद्यार्थियों और आमजन को जानकारी देने के लिए विभिन्न गतिविधियां हुईं। इनमें जागरुकता रैली, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी शामिल है। ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी नेमीचंद मीणा ने केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान, पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी भी लगाई गई।
जोधपुर में भी केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पीपाड़ के सरकारी विद्यालय में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार और जीएसटी बचत उत्सव पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान में अगले महीने से नाव से सफारी शुरू की जाएगी। पार्क प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। बोट सफारी के माध्यम से सैलानियों को दुर्लभ प्रवासी पक्षियों को प्राकृतिक वातावरण में बहुत करीब से देखने का मौका मिलेगा। उद्यान निदेशक मानस सिंह ने बताया कि नाव चलाने से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है।

----------------

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज हनुमानगढ़ से रामेश्वरम्–मदुरई के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। विधायक संजीव बेनिवाल और अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर उम्मेदीलाल मीणा ने इसे हरी झंडी दिखाई। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि इस गाड़ी में हनुमानगढ़ से साढे तीन सौ और सूरतगढ़ से 326 सहित कुल 676 यात्री तीर्थाटन के लिए गये हैं।

----------------

000

राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड उपभोक्ता सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से अगले पाँच सालों के लिए बड़ी योजना बना रही है। आरएसजीएल के चेयरमैन टी. रविकान्त ने आज बोर्ड बैठक में बताया कि इस योजना के तहत कोटा, ग्वालियर और श्योपुर में नए सीएनजी स्टेशन खोले जाएँगे। साथ ही, ज्यादा से ज्यादा परिवारों को पाइपलाइन से रसोई गैस से जोड़ा जाएगा।उन्होंने बताया कि कंपनी अब एलएनजी यानि लिक्विफाइड नैचुरल गैस सेवाओं को भी बढ़ाएगी।

000

71वें वन्यजीव सप्ताह के समापन के मौके पर आज जिलों में विभिन्न आयोजन हुए। पाली जिले के देसूरी उपखंड क्षेत्र में सप्ताह के तहत आज जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य अरावली क्षेत्र के आस–पास बसे आमजन को वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरुक करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए वन्यजीव संरक्षण और वन्यजीवों की जानकारी विषय पर निबंध तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।
वहीं सवाईमाधोपुर जिले में वन विभाग की ओर से वन्यजीव सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

000

बाड़मेर में आज शोभायात्रा के साथ थार महोत्सव शुरू हुआ। ज़िला कलेक्टर टीना डाबी ने गांधी चौक से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान दो दिन तक 'रंग रेगिस्तान के' थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

----------------

000

रेलवे के 'स्पेशल कैंपेन 5.0' के तहत अजमेर रेलवे स्टेशन पर 'अमृत संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा, और अन्य अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातें कीं। उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की समस्याएँ, सुझाव और अनुभवों को सुना। यात्रियों से मिली प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण कर, रेलवे की द्वारा जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाए जाएँगे। जोधपुर रेल मंडल की ओर से भी स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छ परिसर दिवस मनाया गया।

000